nandgaon times april-11-04.qxd 4/11/2024 12:00 AM Page 1

जांगलेसर में धूमधाम से मनाया गया संत... पृष्ठ 2
रामनवमी को ऐतिहासिक बनाने में जुटे... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




।। जय श्री जलाराम।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

*उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।*

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


गुरूवार, 11 अप्रैल 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 178, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

## भाजपा ने किया आदिवासियों का सम्मान, कांग्रेस ने वोट बैंक की तरह किया इस्तेमाल - मुख्यमंत्री

मंडला। मध्यप्रदेश के मंडला स्थित सलवाह, बम्हनी एवं गोपालपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आमसभाओं को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते के संदर्भ में कहा कि उन्होंने जब केंद्र में राज्यमंत्री के रूप में काम किया तब कुलस्ते जी मंत्री थे, तब कुलस्ते ने संसद में कहा था कि यह सरकार गांव के लिए समर्पित सरकार रहेगी. आप लोगों ने देखा है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास को मूलमंत्र मानते हुए हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काम कर रहे हैं. सीएम साय ने कहा कि पहले 5 साल में मोदी जी ने गरीबों के लिए काम किया द्य गरीबों को पक्का मकान देने का काम, गरीबों के घर में बिजली पहुंचाने का काम, गरीबों का खाता खोलने का काम किया द्य पहले हर गरीब का खुद का बैंक खाता भी नहीं होता था और इससे सरकारी पैसा सीधे उन तक पहुंचता भी नहीं था द्य कांग्रेस के जमाने में तो बहुत पैसा लीकेज हो जाता था । कांग्रेस के प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने स्वयं स्वीकार करते हुए कहा था कि हम 1 रु दिल्ली से भेजते हैं , तो जनता तक पहुंचते-पहुंचते 15 पैसा हो जाता है, 85 पैसे का लीकेज हो जाता हैद्य इसीलिए हमारे माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा सबका जन-धन खाता खुलवाया गया, ताकि शत-प्रतिशत पैसा जनता तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि हमारी माताओं को धुएं से मुक्ति दिलाने के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से गैस सिलेंडर देने का काम किया, आज इसका नाम सभी जानते हैंद्य पहला 5 साल गरीबों का खूब काम हुआ और जब दूसरा लोकसभा चुनाव आया, तब जनता ने उनको खूब आशीर्वाद दिया द्य पहला 5 साल उन्होंने जनता का सीएम साय ने कहा कि जनसंघ के समय हम लोग राम मंदिर के लिए नारा लगाते थे, जम्मू -कश्मीर से धारा 370 हटाने कि बात करते थे, मुस्लिम महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ट्रिपल तलाक हटाने की बात करते थे, तो ये सब काम पूरा करने बड़े निर्णय दूसरे कार्यकाल में आदरणीय मोदी जी ने लिया द्य 500 वर्षों के संघर्ष एवं लाखों हिंदुओं की कुर्बानी के बाद हमारे देश के सुप्रीम कोर्ट ने राम मंदिर बनाने का निर्णय दिया, पर इसे लागू कराने का काम हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने किया द्य आज भगवान राम भव्य मंदिर में विराज रहे हैंद्य हमारे विरोधी लोग बोलते थे कि जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हट ही नहीं सकता, खून की नदियां बह जायेंगी, पर आपने देखा कि हमारे प्रधानमंत्री जी के सूझ-बूझ के कारण धारा 370 शांतिपूर्वक हट गयाद्य इस तरह से बड़े-बड़े काम हुए और आज उनका चुनाव है। सीएम साय ने प्रधानमंत्री मोदी के बारे में



कहा कि वे 24 में से 18 घंटा जनता के लिए काम करते हैंद्य आज दुनिया में भारत का डंका मोदी जी के कारण बज रहा हैद्य 140 करोड़ भारतवासियों का सम्मान पूरे विश्व में बढ़ रहा हैद्य आप लोग देखते होंगे कि विदेशों में जब बैठक होता है तब रूस और अमेरिका के राष्ट्रपति के राष्ट्रपति भी ढूंढते रहते हैं कि मोदी जी कहाँ हैं, उनसे हाथ मिलाने के लिए आतुर रहते हैंद्य कई देश के प्रधानमंत्री हमारे देश के प्रधानमंत्री जी का चरण छूते हैंद्य ये भारत का मान और सम्मान बढ़ाने का काम मोदी जी ने किया है। उन्होंने कहा कि आप सब लोग देखते हैं कि पहले पाकिस्तान लगातार भारत को गीदड़भभकी देता था, पाकिस्तानी यहाँ के सैनिकों का सर कलम करके फुटबाल जैसे खेलते थे, तब भारत में शांतियात्रा करके काम समाप्त हो जाता था, लेकिन जबसे मोदी जी प्रधानमंत्री बने हैं, तबसे पाकिस्तान की गीदड़भभकी बंद हो गई है द्य आज सर्जिकल स्ट्राइक से पाकिस्तान को अपनी औकात पता चल गई है और उसने गीदड़भभकी देना बंद कर दिया हैद्य यह हम 140 करोड़ देशवासियों का सौभाग्य है कि हमें प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी जी मिले हैंद्य इसलिए यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को हमें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है और आपके क्षेत्र से भाजपा के लोकप्रिय प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते जी को अपना बहुमूल्य मत आने वाले 19 अप्रैल को कमल छाप में बटन दबाकर देना होगा। उन्होंने कहा कि फग्गन सिंह कुलस्ते जी हमारे बड़े भाई के समान हैंद्य अविभाजित मध्यप्रदेश में 1990 से हम भी विधायक थे,और फग्गन सिंह कुलस्ते जी भी विधायक थे और 1990 से 1998 तक हम दो बार प्रदेश में विधायक रहेद्य हमने मिलकर एक साथ काम किया, फिर आपने लगातार इनको 6 बार सांसद बनाया। लोकसभा और राज्यसभा सांसद के रूप में ये लगातार आप लोगों की सेवा में लगे हैंद्य अटल बिहारी वाजपेयी जी के सरकार में भी आप मंत्री रहे, उस समय मैं सांसद के रूप में कार्य करता था द्य तबसे उनका प्यार एक बड़े भाई के रूप में मुझे मिलता रहा है द्य आपसे एक लंबा परिचय रहा है द्य मृदुभाषी, मिलनसार, लगातार अपने क्षेत्र के विकास के लिए चिंता करने वाले और अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप मे आदिवासियों के बीच जाने का काम आदरणीय फग्गन सिंह कुलस्ते जी ने किया हैद्य ऐसे व्यक्तित्व के धनी आप लोगों के प्रत्याशी के लिए हम आप लोगों से आशीर्वाद मांगने आए हैं।

**मोदी ने बढ़ाया आदिवासियों का सम्मान**- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि मध्यप्रदेश में आदिवासियों का जितना विकास और सम्मान भाजपा में हुआ है, उतना सम्मान कांग्रेस में कभी नहीं हुआ। कांग्रेस ने आदिवासियों को केवल वोटबैंक के रूप में इस्तेमाल किया। आज हमारे देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति पद पर द्रौपदी मुर्मू जी आसीन हैंद्य अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार ने देश के 12 करोड़ से भी अधिक आदिवासियों के उत्थान के लिए अलग से आदिम जाति कल्याण मंत्रालय का गठन किया, तब कुलसते जी ने उस विभाग के राज्यमंत्री के रूप में काम कियाद्य एक आदिवासी बेटे को छत्तीसगढ़ के मुख्य मंत्री बनाने का काम भारतीय जनता पार्टी ने ही कियाद्य ये भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती हैद्य मध्यप्रदेश सरकार जबलपुर मे 100 करोड़ से अधिक की राशि से रानी दुर्गावती जी का बड़ा स्मारक बनवा रही हैद्य हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं महापुरुषों को सामने लाने का काम भाजपा सरकार ही कर रही है, जिन्हें कांग्रेस ने अब तक छुपा कर रखा थाद्य विशेष पिछड़ी जनजाति के उत्थान के लिए पीएम जन-मन योजना के माध्यम से सुविधाएं देने का काम प्रधानमंत्री मोदी जी की सरकार कर रही हैद्य मैं आप सभी से एक छोटे भाई के रूप में बड़े भाई फग्गन सिंह कुलस्ते जी के लिए आशीर्वाद माँगता हूँ।

## राहुल गांधी के बाद प्रियंका-खड़गे के छग दौरे की संभावना

### 20 अप्रैल को राजनांदगांव में प्रियंका, जांजगीर-रायगढ़ में हो सकती हैं मल्लिकार्जुन की सभाएं



**रायपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के स्टार प्रचारकों का छत्तीसगढ़ आने का सिलसिला शुरू हो गया है। पहले चरण के चुनाव में बस्तर लोकसभा के लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के बाद अब राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा के लिए कार्यक्रम की तैयार चल रही है।वहीं, दूसरे चरण के चुनाव के लिए भी राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के दौरे की संभावना है। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पक्ष में प्रियंका गांधी की सभाएं तय हो रही है। संगठन से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, 20 अप्रैल को प्रियंका गांधी का छत्तीसगढ़ दौरा हो सकता है। राजनांदगांव में उनकी सभा कराने की तैयारी है। हालांकि अभी प्रियंका को लेकर अधिकृत सूचना प्रदेश कांग्रेससंगठनको नहीं मिल पाई है।

**13 अप्रैल को बस्तर दौरे पर राहुल**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा के बाद अब कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भी 13 अप्रैल को बस्तर दौरे पर पहुंचने वाले हैं। इसे लेकर कांग्रेस ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। राहुल जगदलपुर के लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में जनसभा करेंगे।बस्तर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा के पक्ष में वोट मांगेंगे। राहुल के साथ छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट समेत कुछ राष्ट्रीय नेताओं के भी पहुंचने की संभावना है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की दो संसदीय क्षेत्रों में चुनावी जनसभाओं का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इनमें जांजगीर और रायगढ़ लोकसभा क्षेत्रों में स्थानीय समीकरणों के आधार पर राष्ट्रीय अध्यक्ष की सभा कराने पर जोर दिया गया है। इसी तरह कांकेर लोकसभा क्षेत्र में भी जल्द ही कम से कम एक सभा कराने का प्रस्ताव है। इधर, खरगे के चुनावी दौरे को लेकर भी हरी झंडी का इंतजार किया जा रहा है।

## 65 मनोकामना ज्योति क्लश प्रज्वलित





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** समीपस्थल ग्राम मलपुरी में जय मां बाई माता शक्तिपीठ में भक्तजनों द्वारा मनोकामना 65 ज्योति स्थापना कर दीप प्रज्ज्वलित किया जिसमें समिति अध्यक्ष द्वाराका साहू जनपद सदस्य रोशनी वैष्णव पूर्व जनपद सदस्य योगेन्द्र दास वैष्णव कोषाध्यक्ष कुंदन चंद्राकर सनद ठाकुर संजय चंदाकर रामाधीन ठाकुर अकालु ठाकुर नारायण ठाकुर गिरधारी ठाकुर दीपक मंडावी धर्मेन्द्र साहू विक्रम साहु पुजारी त्रिभुवन वैष्णव ने पुजा अर्चना कर दीप प्रज्ज्वलित किया पुजारी त्रिभुवन वैष्णव ने बताया कि मनोकामना ज्योति के लिए भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद प्रत्याशी तथा दुर्ग बालोद हैदराबाद झारखंड के भक्त जन ज्योति जलाया है तथा माता सेवा नवरात्रि पर्व पर आसपास मंडली सेवा भजन प्रतिदिन करेंगे।

## सीईओ के निर्देशन में स्वच्छता दीदी ने सँभाली 100- प्रतिशत मतदान की कमान





**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ज़िला निर्वाचन अधिकारी राजनांदगाँव व स्वीप नोडल सुरुचि सिंह व एस डी एम मनोज कुमार मरकाम के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी नवीन कुमार मसियारे के निर्देशन में 70त्न से कम मतदान वाले पंचायत में स्वच्छता दीदी ठोस एवं तरल कचरा संग्रहण के साथ साथ स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की कमान भी सँभाली। स्वीप नोडल रश्मि ठाकुर ने बताया कि डोंगरगांव में ग्राम पंचायत जहां मतदान कम हुआ है वहाँ 100त्न मतदान करने हेतु विशेष कर उन पंचायत साथ ही जहां जहां अपशिष्ट प्रबंधन इकाई लगाई गई है वहाँ स्वच्छता दीदी घर घर जा कर ना केवल कचरा इकट्ठा कर रही बल्कि 26 अप्रैल आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान करने हेतु प्रेरित भी कर रही है। सभी पंचायत में मतदान हेतु पंजी संधारित की गई है जिसमें सभी को आमंत्रण भी दिया जा रहा है कि 26 अप्रैल को लोकतंत्र के पर्व में मतदान देने हेतु सभी को आमंत्रित किया गया है सुबह 7 से संध्या 6 बजे तक स्थान मतदान होगा जनपद पंचायत सीईओ नवीन कुमार ने बताया कि आज इस कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम पंचायत अर्जुनी से किया गया है जिसमें स्वच्छता दीदी और बिहान के महिला समूह सदस्य द्वारा मतदाता शपथ ली गई और हम सब ने ठाना है 26 को मतदान देने अवश्य जाना है द्यद्य का नारा भी लगाया । कार्यक्रम में जनपद सी ई ओ नवीन कुमार मसियारे, अर्जुनी पंचायत सचिव नील कुमार साहू, छागिनकछार सचिव नरेन्द्र वर्मा, बड़भूम सचिव महेश सोनटेके , रूदगाँव सचिव रमेश साहू, रोज़गार सहायक, स्वयं सहायता समूह महिला समूह व स्वच्छता दीदी उपस्थित थे।

## नवरात्र के दूसरे दिन महादेव घाट बेटी बचाओ मंच ने किया नारी शक्ति सम्मान



**रायपुर** ,नवरात्र के दूसरे दिन बेटी बचाओ मंच महादेव घाट परिक्षेत्र की ओर से नारी शक्ति सम्मान आयोजित किया गया। मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा के मुख्य अतिथ्य में महादेव घाट स्थित बड़े हनुमान मंदिर उद्यान में नारी अत्याचार तथा कन्या भ्रूण हत्या के विरोध , नारी उत्थान तथा नारी हितों के संरक्षण के लिए लगातार कार्य कर रही महिलाओं को नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त महिलाओं में मुख्य रूप से रत्ना शर्मा, वीणा तिवारी, सरिता शर्मा, गीता विश्वकर्मा , कल्याणी यदु ,भारती रोमनाथ शर्मा, इमला ठाकरे, प्रमिला कोपुलवार, सुमन ठाकुर, शारदा मिश्रा, मनीषा मिश्रा, ममता शर्मा, अंजलि शर्मा, शिखा शर्मा, कविता शर्मा, नीतू शर्मा, सरला इंगले को प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने स्मृति चिन्ह तथा प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया ।


## भगवान झूलेलाल जयंती पर शहर में निकली भव्य शोभायात्रा, सिंधी समाज में चेट्रीचंद महोत्सव में की रही धूम





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सिंधी समाज के अवतारी पुरुष भगवान झूलेलाल जयंती की शहर में धूम रही। इस अवसर पर सिंधु भवन चौखड़िया पारा से धूमधाम के साथ भगवान झूलेलाल की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सिंधी समाज के लोगों सहित शहर के गणमान्य जन व सेवा भावी संगठन के लोग शामिल रहे। शोभायात्रा का शहर में जगह- जगह स्वागत अभिनन्दन किया गया। उक्त यात्रा निकाले जाने से पूर्व 10 अप्रैल बुधवार को चौखड़िया पारा सिंधु भवन में भगवान झूलेलाल की पूजा अर्चना की गई व डॉ के,एस कंजवानी, घनश्याम सिंह वाधवानी आदि की उपस्थिति में साहिबा का आयोजन किया गया इस दौरान सुमधुर भजन- कीर्तन की धारा बहाई गई ,तत्पश्चात्आम लंगर का भी आयोजन किया गया।इस दौरान हेमु कालानी नगर झूलेलाल मंदिर लालबाग में पूजा अर्चना का भी माहौल बना रहा। इस अवसर पर सिंधी समाज के अध्यक्ष मन्नूमल मोटवानी,ब्रह्मानंद बजाज,आवतराम तेजवानी,अर्जुन दास पंजवानी, घनश्याम दास गंगवानी, आदि की उपस्थिति बनी रही

**शोभायात्रा की रही धूम** - समाज के राजा माखीजा,चंदन रुचंदानी, कमल गंगवानी अर्जुन वाधवानी कौशल शर्मा आदि ने बताया कि 10 अप्रैल बुधवार को चेटीचंड महोत्सव पर सुबह 10 बजे युवा विंग व समाज के युवकों द्वारा भव्य मोटर सायकल रैली निकाली गई रैली का पूरे जोशो खरगोश के साथ नगर भ्रमण हुआ। इस दौरान वातावरण में जय झूलेलाल,, आयोलाल ,झूलेलाल के नारे गुंजायमान रहे। तत्पश्चात चौखड़िया पारा सिंधु भवन से धूमधाम के साथ निकाली गई भगवान झूलेलाल की भव्य



शोभायात्रा का हजारों लोगों की उपस्थिति के बीच धूमधाम के साथ नगर भ्रमण हुआ। शोभायात्रा में आकर्षक साथ घोड़े वाले रथ पर विराजमान व मत्स्य में सवार भगवान झूलेलाल भव्य आर्च के बीच लकदक रुप से शोभायमान हो रहे थे। वहीं भगवान झूलेलाल का रुप धारण किए नन्हा बालक लोगों के बीच आकर्षक का केंद्र बना रहा। इसी तरह एक अन्य रथ पर में सफेद घोड़े में सवार भगवान झूलेलाल की मनोहारी झांकी लोगों को आकर्षित कर रही थी। नगर भ्रमण के दौरान शोभायात्रा का जगह- जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया वहीं शोभायात्रियो का स्वागत शीतल पेय व अन्य स्वल्पाहार से किया गया।

**गीत-संगीत, नृत्य की बही धारा**- शोभायात्रा के मानव मंदिर चौक पहुंचने पर चौक में सजाकर रखें गए भगवान झूलेलाल की पूजा अर्चना की गई।इस दौरान समाज के युवाओं द्वारा सुंदर स्वर लहरियों के बीच ताल में ताल मिलाते हुए डंडा नृत्य कर पर्व का उल्लास व उत्साह प्रकट किया गया, जिसे देखने लोगों की भीड़ रही। शोभायात्रा में समाज के वरिष्ठ जनों के सहित महाकाल सेना के राजू डागा ,श्री ठाकुर ,रघुवीर वाधवा, अमर ललवानी, हरीश मोटलानी, भोजराज बजाज,पवन गणशानी,मुकेश आहूजा,दौलत रामचंदानी, सुनील उभेरानी,अमर ललवानी, रवि बोधानी ,अखिल अंदानी,पवन जेठानी ,सुनील लेखवानी,नवीन माखीजा प्रेम रुचंदानी सहित बड़ी संख्या में युवक युवतियां, बच्चे व समाज के नर- नारियों की उपस्थिति रही शोभायात्रा पश्चात देर शाम लालबाग स्थित बूढ़ासागर के झूलेलाल घाट में भव्य गीत- संगीत का आयोजन किया गया जिसका आंनद लेने बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



nandgaon times april-11-04.qxd 4/11/2024 12:00 AM Page 2



# जांगलेसर में धूमधाम से मनाया गया संत शिरोमणी गाडगे महाराज की जयंती







**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** गांव जंगलेसर में रजक समाज संत शिरोमणी गाडगे महाराज की 147 वीं जयंती उत्साह पूर्वक मनाई गयी। परिक्षेत्र रजक संघ जंगलेसर सर्वप्रथम संत शिरोमणी गाडगे बाबा ईष्ट देव शंकर भगवान की पूर्जा अर्चना की गई शंकर भगवान तत पश्चात की आरती गायन किया गया। बड़ी संख्या में महिलाओ द्वारा कलश यात्रा निकाली गई जो गांव शीतला माता से लेकर गाँव की समस्त गलियों से भ्रमण करते हुए सभा स्थल पर पहुंचे। लोगो ने एक दुसरे को जंयती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिषेक सिंह पूर्व सांसद राजनांदगाव ने समाज को जयंती कि बधाई दी और कहा कि रजक समाज निर्मल समाज यह समाज कोई भी समाज का हो मरनी छट्टी से लेकर अन्य कार्य मे जाकर लोगों के घर को पवित्र करने मे अहम भुमिका निभाते है। शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि समाज में शिक्षित होना जरूरी है। आगे समाज को सहयोग देने की बात कही है।

अध्यक्षता कर रहे समाज के जिला अध्यक्ष डा. एल आर निर्मलकर ने कहा कि इस परिक्षेत्र के अध्यक्ष कोमल रजक के तबियत खराब होने के कारण हमारे बीच उपस्थित नही हो पाये । उनके तबियत अतिशीघ्र ठीक हो जाये की मंगल कामना करते हुए आगे संत शिरोमणी गाडगे बाबा की जयंती पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमे संत गाडगे बाबा के बताये मार्ग पर चलना चाहिए। डॉ निर्मलकर ने कहा कि प्रत्येक परिवार का शिक्षित होना जरूरी है। मोबाईल का सही उपयोग करते हुए घर परिवार में संस्कार अच्छा से देना चाहिए बच्चे संस्कारमय निकले । इस अवसर पर विशेष अतिथि कोमल सिंह राजपुत प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा छ.ग., अमर ललवानी, जिला सचिव रोहित निर्मलकर, जिला कोषाध्यक्ष योगेश निर्मलकर, उपाध्यक्ष डॉ हेमसिंह निर्मलकर, सह सचिव रोहित निर्मलकर, संगठन मंत्री रामनाथ निर्मालकर जिला मिडिया प्रभारी लोकेश रजक, युवा प्रकोष्ट जिला अध्यक्ष मुकेश निर्मलकर, परिक्षेत्र अध्यक्ष दीलिप निर्मलकर, गैदाटोला सचिव दीपचंद ,निर्मलकर भररीटोला परिक्षेत्र अध्यक्ष जीवन निर्मलकर, मुसरा परि0 अध्यक्ष चन्द्रकुमार निर्मलकर, उपाध्यक्ष सुमन निर्मलकर पूर्व अध्यक्ष घनश्याम निर्मलकर, जिला सदस्य किशन निर्मलकर जगलेगर परिक्षेग उपाध्यय महेश, निर्मलकर सचिव दीलिप निर्मलकर कोषाध्यक्ष आत्मा राम निर्मलकर संरक्षक पथं निर्मलकर देवनाथ आशा निर्मलकर फुलेरा निर्मलकर ईश्वर निर्मलकर संजय निर्मलकर, प्रचार प्रसार मंत्री रहिपाल निर्मलकर । पंचगण नीलकंठ निर्मलकर, नारद निर्मलकर, खोमू रजक बबला निर्मलकर दुलारू निर्मलकर कोमल राम निर्मलकर घनश्याम निर्मलकर पुनराम निर्मलकर कुमुद निर्मलकर जोहनराम निर्मलकर, अश्वनी रजक, गन्नूराम निर्मलकर केशरी नंदन निर्मलकर शंकर राजक चोवाराम निर्मलकर नरेश निर्मलकर, बड़ी संख्या में समाजिक बंधु उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन संरपंच कंवल निर्मलकर ग्राम पंचायत मुसरा ने की।

## लक्ष्मीनगर घुघवा साल्हे में कर्मा जयंती मनाया गया

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** लक्ष्मीनगर घुघवा साल्हे में समस्त साहु समाज द्वारा बड़े हर्षोल्लास के साथ ग्रामीण स्तरीय भक्त मां कर्मा



जयंती मनाया गया जिसमे बड़ी बीसंख्या में साहू समाज की महिलाएं बच्चे एवम समस्त ग्रामवासी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुवात मां कर्मा की ध्वजा रोहन के साथ प्रारंभ हुआ जो की सामूहिक आरती के साथ पूरा माहौल भक्तिमय हो गया और साथ में संध्या के समय महाप्रसादी भोजन भंडारा हुआ उसके बाद रात्रि कालीन में परसमणि मानस परिवार भठापरा रायपुर की प्रस्तुति हुई जिसमे भी काफी संख्या में भक्तगण उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी द्वारा संबोधित करते हुए सामाजिक एकता सौहार्द में ध्यान देने के लिए कहा गया इस दौरान ग्रामीण महिला अध्यक्ष एवम सचिव के लिए मंजू साहू एवम सरिता साहू का चयन किया गया।

## भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे आज लालबहादुर नगर व खैरागढ़ क्षेत्र में

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** भरतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे कल 11 अप्रैल गुरुवार को अपने जनसम्पर्क अभियान की शरुवात सुबह 10:00 बजे लालबहादुर नगर मण्डल के ग्राम खैरा से करेंगे। फिर वे ग्राम पेंड्री, नवागाँव, रुवातला, सलटिकरी पहुचेंगे। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री पांडे दोपहर बाद खैरागढ़ शहरी क्षेत्र के राजीव चौक, बक्शी मार्ग व इतवारी बाजार में जनसम्पर्क करते हुए अमलीडीहकला, पिपरिया वार्ड 02, अमलीपारा, पेंड्रीकला, भरदाकला पहुचकर मतदाताओं को भाजपा की केन्द्रीय योजनाओ से अवगत कराते हुए कमल फूल निशान के लिए आशीर्वाद मांगेगे।



## कलेक्टर ने मतदान करने अपील की

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने जिले के सभी मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदान तिथि शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 को मतदान केन्द्र पहुंचकर मताधिकार का उपयोग करने की अपील की है। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी मतदाता मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने में अपना सहयोग दें। मतदान करना अधिकार ही नहीं बल्कि कर्तव्य भी है।


**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202402091100019**

विषयः- ब-121. मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन् :- 2023-24
बड़गांव चारभाठा प.ह.न. 00028 [(हे0) ]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार- रमेश कुमार,
अनावेदक पक्षकार- छ.ग.शासन,

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमेश कुमार आ0 गैंदलाल जाति हल्बा निवासी ग्राम बड़गांव चारभाठा पटवारी हल्का नं0 28 तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने पिता गैंदलाल की मृत्यु दिनांक 29/06/1994 को ग्राम बड़गांव चारभाठा में होने के कारण अपने पिता की मृत्यु तिथि जारी किये जाने शपथ पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड, चालान क्रमांक 66110224001226 के साथ आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो पेशी दिनांक 22.04.2024 को स्वंय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 08.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/04/2024 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार डोंगरगांव



**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202403090100010/-21**

विषयः- अ-21 मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2023-2024
तिलईरवार (प ह न. 00012),
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार- श्री योगेन्द्र कुमार,
अनावेदक पक्षकार -छ.ग. शासन,

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री योगेन्द्र कुमार आ. श्री सियाराम जाति कंवर, निवासी ग्राम तिलईरवार पोस्ट टप्पा, तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव द्वारा अपने शामिल नाम की ग्राम तिलईरवार, प.ह.नं. 12. रा.नि.मं. दीवानभेड़ी, तहसील डोंगरगांव स्थित भूमि खसरा नं. 915/2 रकबा 0.1500 है. भूमि को पुत्री के विवाह हेतु रकम की आवश्यकता होने से गैर आदिवासी के पास उपरोक्त भूमि को विक्रय की अनुमति हेतु भू-राजस्व संहिता की धारा 165 (6) के तहत् आवेदन पत्र मय दस्तावेज के प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो पेशी दिनांक 16.04.2024 को स्वंय अथवा अपने प्राधिकत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 02.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

यह इश्तहार मेरे हस्ताक्षर एक पदमुद्रा से आज दिनांक 02/04/2024 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार डोंगरगाँव


# भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डे के समर्थन में स्वस्फूत जुड़ रहे है लोग

## सांसद पाण्डे के पक्ष में प्रचार करने के लिये साईकल यात्री एवं दिव्यांगजन रवाना हुए, पूर्व सांसद मधुसूदन ने अपने कार्यालय में साईकल यात्रियों का सम्मान किया



**राजनांदगॉव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला एवं शहर अंतर्गत जमातपारा के निवासी प्रसिद्ध साईकल सवार 28 वर्षीय यश सोनी ने भाजपा को अपना समर्थन दिया है और राजनांदगॉव लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत औंधी क्षेत्र से लेकर पण्डरिया क्षेत्र तक भाजपा के पक्ष में चुनावी प्रचार प्रसार के लिये साईकल यात्रा पर आज राजनांदगॉव शहर से रवाना हुए। उन्होंने साईकल यात्रा पर रवाना होने से पहले पूर्व सांसद मधुसूदन यादव के कार्यालय में उनसे समक्ष भेंट कर अपनी साईकल यात्रा के विषय में बताया की वो विगत सालों में एक लाख कि.मी. से अधिक साईकल यात्रा कर चुके हैं और स्वच्छता, पर्यावरण जागृति, सामाजिक समानता आदि सामाजिक सरोकार के मुद्दों पर जनजागरण हेतु साईकल यात्रा करते रहे हैं। यश सोनी वर्तमान सांसद संतोष पाण्डे के द्वारा किये गये क्षेत्रीय विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यो से प्रभावित होकर स्वस्फूर्त भाजपा के पक्ष में यह साईकल यात्रा करने के लिये प्रेरित हुए है। इसी तारतम्य में ग्राम आटरा तहसील अम्बागढ़ चौकी के निवासी 26 वर्षीय दिव्यांग विजय सिन्हा जो 80 प्रतिशत दिव्यांग हैं, वो भी प्रधानमंत्री



नरेन्द्र मोदी के बड़े प्रशंसक हैं एवं भाजपा के विचारधारा से प्रभावित होकर बैटरी चलित ट्राईसाईकल पर मोहला, मानपुर, अम्बागढ़ चौकी एवं छुरिया विकासखंड की कठिन ट्राईसाईकल यात्रा पर आज रवाना हुए हैं। यात्रा पर रवाना होने से पूर्व उन्होंने भी पूर्व सांसद मधुसूदन यादव के कार्यालय में उपस्थित होकर उनसे भेंट की और भाजपा शासन में प्राप्त हुई स्वचलित ट्राईसाईकल से अपने जीवन में एक बड़े सकारात्मक बदलाव की बात स्वीकार की। इन दोनो ही साईकल यात्रीयों को इस कठिन साईकल यात्रा पर रवाना होने के पहले पूर्व सांसद मुधसूदन ने अपने हाथों से मिठाई खिलाकर एवं भाजपा का झण्डा भेंट करके उनका सम्मान किया, हौसलाअफ़ज़ाई की और सफल यात्रा हेतु शुभकामना देते हुए आपने कार्यालय से साईकल यात्रा हेतु रवाना किया। पूर्व सांसद मधुसूदन ने बताया की लोक सभा आम निर्माचन 2024 में भाजपा प्रत्याशी एवं वर्तमान सांसद संतोष पाण्डे के समर्थन में लोग स्वस्फूर्त सहयोग हेतु आगे आ रहे हैं और भाजपा के पक्ष में प्रचार प्रसार कर रहे हैं, जिससे लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत निश्चित है।

# जोशीलमती मे मनाया गया कर्मा जयंती



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** –तहसील साहू संघ छुरिया के अधीन नवगठित परिक्षेत्र जोशीलमती में साहू समाज के अधिस्ठात्री देवी भक्त माता कर्मा की जयंती धूमधाम से मनाया गया।सर्वप्रथम ग्राम की महिलाओं दुवरा भव्य कलश यात्रा निकाली गई जो ग्राम के प्रमुख मार्गों से होते हुए सभा स्थल कर्मा मंदिर में सभा के रूप में परिणित हुई जंहा पर समाज केप्रतीक ध्वज का ध्वजारोहण तहसील साहू संघ छुरिया के अध्यक्ष भुनेश्वर प्रसाद साहू के द्वारा किया गया तत्पश्चात भक्तमाता कर्मा की पूजा अर्चना किया गया।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि श्री साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ छुरिया व अध्यक्षता ज्ञानचंद साहू सचिव विशेष अतिथि देवेन्द साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष कुमर्दा नलेंद्र कुमार साहू बदरटोला भारत साहू गेंदा टोला भुनेश्वरी साहू जनपद सदस्य छुरिया तिलोचन साहू जोशीलमती खेमलाल साहू ग्राम पटेल के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। भक्तमाता कर्मा के आदर्शों को हमे अपने जीवन मे उतारने से ही भक्ति शक्ति और मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है जिस प्रकार कर्मा माता ने अपने त्याग तपस्या से भगवान जगन्नाथ को पहली भोज खिचड़ी का भोग लगाकर साहू समाज को गौरान्वित किया है वैसे ही हमे भी समाज के हित में कार्य करना चाहिए।उक्त उदगार मुख्यातिथि महोदय ने अपने संबोधन में व्यक्त किये और नवगठित परिक्षेत्रीय साहू संघ जोशीलमती के नवीन अध्यक्ष तिलोचन साहू को नियुक्ति पत्र सौंपा। मनोनीत अध्यक्ष द्वारा समाज हित मे कार्य करने की विश्वास उपस्थित समुदाय को दिए।अंत मे सभी अतिथियों को कर्मा गमछा व श्रीफल देकर समानित किये और समाज द्वारा भोजन भंडारा का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में दीनदयाल साहू परिक्षेत्र कलड़बरी कृष्णा साहू चन्द्रकान्त साहू धनेश साहू दूधनाथ साहू तहलुराम साहू खेमलाल साहू घनश्याम साहू नारायन साहू रेवाराम राजेश साहू ताम्रध्वज साहू समेत सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

## मुकद्दस माहे रमजान में बच्चों ने रखें पूरे तीस रोजे

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सैय्यद तमरेज और सैय्यद आवेज अली ने हर साल की तरह ईस रमजान शरीफ की पूरी इबादतों के साथ तीस रोजे पूरे किये। रमजान का महीना बरकतो और रहमतों का महीना होता है। इस महीने में हर कोई खुदा की ईबादत करते दिखाई देता है, जिसमें बुजुर्गों के साथ ही नन्हें बच्चे भी रमजान के रोजा रखते है। सैय्यद बच्चों ने चिलचिलाती धूप में तीस रोजे पूरे किए। साथ ही कुरान–पाक की तिलावत, पांच वक्त की नमाज के साथ विशेष नमाज तरावीह अदा किये। सैय्यद फैमली के बच्चों ने स्कूल के इम्तेहान के साथ–साथ 15 घंटे खुदा की ईबादत कर इल्म, रिज्क (रोजी) सेहत, नेमत मुल्क हिंदुस्तान के लिए अमन और शांति की दुआ की, और कहा माह–ए–रमजान में रोजा वो अमल है, जो रोजेदार को पूरी तरह से पाकीजगी व ईल्म का रास्ता दिखाता है।



**शुभांक**
2-3-9
233-8 558-8

**भाग्यांक**
122-5 239-4

# छुरिया में कृष्ण कुंज निर्माण से हो रही प्राकृतिक छटा में विस्तार - हारुन मानिकपुरी

**छुरिया/राजनांदगांवः–** छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ दुर्ग के संभाग उपाध्यक्ष हारुन मानिकपुरी ने बताया कि भगवान कृष्ण अर्थात नटखट नंद बाल गोपाल का बाल्यकाल प्राकृतिक की गोद में व्यतीत हुआ है। बांसुरी की धून पर गौ माता के चराई का समय हो या बाल सखा के साथ अमोद प्रमोद या दही खाने की प्रबल लालसा में नटखट नंद किशोर की सभी माताओं द्वारा की जाने वाली शिकायत पर डांट खाने की चंचल चपल लीलाएं सभी बृज वासियों का मन मोह लेती थी। फिर यमुना तीर के कानन में कदम के पेड़ में गोपियां संग हंसी ठिठोली ही क्यों न हो उनकी बांसुरी की धून पर सभी प्राणियों को मंत्रमुग्ध कर सम्मोहित कर देती थी। यहां तक प्राकृतिक भी उनके बांसुरी की धून पर वायु के तरंगित ताल में पेड़–पौधे , और पत्ते झूम उठती थी। मानों उनके लय पर नृत्य कर रही हो, परंतु बदलते काल चक्र के साथ वर्तमान में लगातार भरे पेड़ पौधों और नैसर्गिक प्रकृति का नुक़सान हुआ है। हरे भरे पेड़ पौधों की अनवरत कटाई से अब सारा प्राकृतिक वातावरण सपाट,चटीयल मैदानी क्षेत्र में परिवर्तित हो चुका है। इसकी सबसे बड़ी जिम्मेवारी मानव समाज की बनती है, जिनके द्वारा लगातार वनों के विदोहन से पृथ्वी आज संकट के कगार पर खड़ा हो चुका है।यही वजह है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश का वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ऐसे क्षेत्रों में हरियाली प्रसार करने के उद्देश्य से नए–नए आविष्कार कर प्रकृति एवं



हरियाली के अस्तित्व को अक्षुण्ण बनाए रखने नित नए प्रयोग के साथ कवायद कर रहा है। ताकि सर्वहारा वर्ग के जान माल और प्रदूषण से लड़ा जा सके इसके लिए प्रदेश सरकार ने भगवान श्री कृष्ण के नाम पर आस्था प्रकट करते हुए संपूर्ण प्रदेश में कृष्ण कुंज (वाटिका) का निर्माण किया गया है। ताकि सम्पूर्ण मानव समाज, और जीव जंतुओं को कुछ पल राहत और सुकून का क्षण मिल सके पेड़ पौधों के मध्य हरे भरे वातावरण निर्मित करने के लिए वन विभाग ने एक हेक्टेयर से लेकर अधिकतम पांच हेक्टेयर राजस्व भूभाग में कृष्ण कुंज को सुव्यवस्थित कर फलदार,फुलदार, छायादार औषधि युक्त , धार्मिक आस्था से जुड़े रहने वाले पेड़ पौधों का रोपण नगर पंचायत छुरिया में हरित क्रांति ला दी है। छत्तीसगढ़ के वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की उक्त महत्वकांक्षी योजना के तहत शासकीय रानी सूर्यमुखीदेवी महाविद्यालय छुरिया, इंद्रप्रस्थ स्टेडियम, विद्युत विभाग आफिस, पुलिस थाना, बालक छात्रवास एवं कृषि उपज मंडी, पेट्रोल पंप के पास डोंगरगांव रोड़ पर छुरिया में वन विभाग बागनदी वन परिक्षेत्र के तहत लगभग दो एकड़ भूमि में कृष्ण कुंज का निर्माण किया गया है। जिसकी अलग ही छंटा बिखेर रही है। कृष्ण कुंज में फलदार,फुलदार, छायादार, में जैसे आम, अमरूद, आंवला,नीम,बेल, बरगद, पीपल, शहतूत,चीकू जैसे अनेक पौधे रोपे गए हैं। हारुन मानिकपुरी ने बताया कि कृष्ण कुंज में रोपे गए पौधों से आक्सीजन प्रचूर मात्रा में निकलता है। साथ ही सर्वाधिक प्रदूषण को अवशोषित करता है , ताकि आमजनों के स्वास्थ्य की सुरक्षा हो सके इसी प्रकार बहुत से औषधि पौधे हैं जो आक्सीजन सहित स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से बहु उपयोगी है जिसे प्रमुखता से रोपे गए हैं। कृष्ण कुंज में नगर पंचायत छुरिया द्वारा भी बहुत सारे उपकरण बच्चों के मनोरंजन के लिए लगाया गया है वहीं व्यायाम करने के लिए भी उपकरण दिए गए हैं जिससे बच्चे दिनभर चहलकदमी करते रहते हैं। हारुन मानिकपुरी ने बताया कि पतंजलि योग समिति छुरिया द्वारा रोजाना सुबह पांच बजे से निशुल्क योगा सिखाया जा रहा है जिसमें लोग बढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। कृष्ण कुंज की वैभलत में चार चांद लगा रही है। कृष्ण कुंज के निर्माण और संरक्षण संवर्धन में वन मंडल अधिकारी श्रीमती सलमा फारुकी जी ,श्री आयुष जैन जी, उपवन मंडल अधिकारी श्री योगेश साहू जी, वन परिक्षेत्र अधिकारी द्वय श्री अनिल बंबाडे जी, श्री चंद्रशेखर भंडारी जी, श्री चन्द्र प्रकाश महोबिया जी, डिप्टी रेंजर श्री कृष्ण कुमार सोनी जी, श्री कय्यूम खान जी, श्री चंदूलाल हरदेल जी, वनरक्षक श्री लोकेश कुमार सलामे जी, एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के विशेष मेहनत एवं निगरानी में कृष्ण कुंज का निर्माण एवं रखरखाव किया जा रहा है।


**नाम परिवर्तन**

मैं नेमा देवी लोहिया (**Nema Devi LOhiya**) ,धर्मपत्नी नरेन्द्र कुमार लोहिया हाउस नंबर-304/के, वार्ड क्रमांक 29 माहेश्वरी मेडिकल एजेंसीज के उपर , लखोली रोड, राजनांदगांव (छ.ग.) अपना पुराना नाम नीमा देवी लोहिया (**Neema Devi LOhiya**), धर्मपत्नी नरेन्द्र कुमार लोहिया त्यागकर अब नए नाम नेमा देवी लोहिया (**Nema Devi LOhiya**)धर्मपत्नी नरेन्द्र कुमार लोहिया रख ली हूं ।

भविष्य में मुझे मेरे नए नाम नेमा देवी लोहिया (**Nema Devi LOhiya**) धर्मपत्नी नरेन्द्र कुमार लोहिया के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**नेमा देवी लोहिया**
**(Nema Devi LOhiya)**
**w/o नरेन्द्र कुमार लोहिया**
**निवासी- हाउस नंबर-304/के, वार्ड क्रमांक 29 माहेश्वरी मेडिकल एजेंसीज के उपर , लखोली रोड, राजनांदगांव (छ.ग.)**

## ज्ञान मंथन

*1) बाजार के नियम के प्रस्तुतकर्ता कौन थे?*
*2) किस खेल की प्रतियोगिता को बिग बैश लीग के नाम से जाना जाता है?*
*3) आलू अनुसंधान की दिशा में भारत में सर्वप्रथम 1949 में पटना में केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान की स्थापना की गई। इसे किस वर्ष शिमला स्थानांतरित किया गया?*
*4) किन चार देशों को एशियन टाइगर कहा जाता है?*
*5) किसने फिल्म पुरानी हवेली, तहखाना, वीराना, पुराना मंदिर इत्यादि फिल्मों में सिनेमैटोग्राफर के रूप में काम किया?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) जीन बैप्टिस्ट (2) क्रिकेट (3) 1956 (4) हाँगकाँग, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया और ताइवान (5) गंगू रामसे

# रामनवमी को ऐतिहासिक बनाने में जुटे कवर्धा के सनातनी श्री जानकी रमण देवालय में होगा विशेष पूजा और भंडारा



**कबीरधाम।** हिंदू धर्म में नवरात्रि का पर्व बहुत ही खास होता है और इसे बहुत धूमधाम के साथ मनाया जाता है। चैत्र माह की नवरात्रि की आज 9 अप्रैल 2024, मंगलवार से शुरू हो गई हैं और इसका समापन 17 अप्रैल 2024 बुधवार को होगा। वही, इस साल की रामनवमी बहुत ही खास होगी, क्योंकि 500 साल बाद अयोध्या के राम मंदिर में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा के बाद धूमधाम से रामनवमी का पर्व मनाया जाएगा। कवर्धा में प्रभु श्रीराम के प्राकट्य दिवस नजदीक आते ही राम भक्त उत्सव को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी में जुट गए है। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहली रामनवमी हैं, जो कवर्धावासियों के लिए खास हैं। धर्मनगरी कवर्धा के कचहरी पारा स्थित प्रभु श्री जानकी रमण प्रभु देवालय (राम मंदिर) में इन दिनों जोरो से तैयारियां चल रही है।

**चन्द्रप्रकाश उपाध्याय द्वारा दी गई जानकारी**

शंकराचार्य जन कल्याण न्यास के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी चन्द्रप्रकाश उपाध्याय ने बताया कि रामनवमी, जिसे भगवान राम के जन्म के रूप में जाना जाता है। इस वर्ष बुधवार, 17 अप्रैल को मनाई जा रही है। रामनवमी का शुभ पर्व चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन मनाया जाता है। चैत्र नवरात्रि 09 अप्रैल से आरंभ हो रही औ 17 अप्रैल तक मनाई जाएगी। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान राम का जन्म चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को हुआ था और इसलिए इस दिन को प्रत्येक वर्ष भगवान राम के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है।

**कलकत्ता के आकर्षित फूलों से सजेगा देवालय**

वही इस दिन प्रभु श्री जानकी रमण प्रभु देवालय (राम मंदिर) को कलकत्ता के विशेष रंग बिरंगे फूलों से सजाया जाएगा, जो आकर्षण का केंद्र होगा। इस अवसर पर पूरे जिले और शहर के माताएं बहने भाई सभी अपनी अपनी श्रद्धा अनुरूप प्रभु देवालय पहुंच उत्सव में शामिल होते हैं। रामनवमी के अवसर पर कवर्धा भगवामय होगा। इसके साथ ही मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन किया जाएगा।



**रामनवमी पर लगता है भक्तों का तांता**

रामनवमी के पावन अवसर पर सुबह से ही प्रभु श्री जानकी रमण प्रभु देवालय (राम मंदिर) में भक्तों का तांता लगा रहता हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक और महिलायें भी श्री राम जी के प्रकट्य दिवस पर दर्शन लाभ लेने के लिए मंदिर पहुंचते हैं। युवाओं द्वारा बाइक रैली का भी आयोजन किया जाएगा।

**विशेष मालपुआ व पंजरी का लगेगा भोग**

वही, ट्रस्टी ने बताया जन्मोत्सव पश्चात रामलला का अभिषेक कर स्वर्णरजित वस्त्र व आभूषणों से श्रृंगार किया जाएगा और रामलला को सबसे प्रिय भोज मालपुआ व पंजरी का भोग लगाकर आरती किया जाएगा, जिसके पश्चात प्रसाद स्वरूप भक्तों को वितरण किया जाना हैं।

## राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिये कु. कविता का चयन

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शा उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहड़ विकासखंड डोंगरगांव की कक्षा 11वीं की छात्रा कु इन. कविता का चयन राष्ट्रीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता हेतु हुआ है।इसने राज्यस्तरीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता जो कि जगदलपुर में अक्टूबर को सम्पन्न हुआ था। जिसमे कविता ने दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए क्रास कंट्री दौड़ में स्थान बनाया था। राष्ट्रीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता बिहार में 6 अप्रेल से 8 अप्रेल को सम्पन्न होना है।जिसमे छत्तीसगढ़ को प्रतिनिधित्व करेंगी। इस प्रतियोगिता हेतु संस्था प्राचार्य टी आर नागवंशी , जी माहला, श्री आँचले, आर आर देवांगन भुपेश यदु आदि समस्त स्टाफ एवं जिला पंचायत सदस्य जागृति यदु ने भी प्रतियोगिता हेतु शुभकामनाएं दी है।

## ब्रह्माकुमारीज द्वारा ITBP कैम्प में च्खुशियों का पासवर्ड विषय पर कार्यशाला

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** लालबाग स्थित ब्रह्माकुमारीज द्वारा भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के जवानों के लिए खुशियों का पासवर्ड विषय पर कार्यशाला का आयोजन दिनांक 10.04.2024 को किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जवानों को तनाव मुक्त होकर कार्यक्षेत्र में खुश रहते हुए अपने कर्तव्य का निर्वहन करने के प्रति जागरूक किया जाना था। इस विषय पर प्रकाश डालते हुए ब्रह्माकुमारी प्रभा बहन जी ने बताया कि खुशी हमारी अपनी समपत्ति है और इस पर हमारा हक है इसलिए कुछ भी हो जाए हमें इसकी रक्षा करनी ही चाहिए। कार्यक्षेत्र में कई प्रकार की परिस्थितियां आती हैं लेकिन ध्यान रहे कि यह हमारी खुशी को छीन कर न ले जाए। बातें आऐंगी और जाऐंगी लेकिन हमारी खुशी नहीं जानी चाहिए। हम अपनी खुशियों की रक्षा करने एवं इसमें वृद्धि करने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखें जैंसे हमें सबके प्रति शुभ भावनाएं रखनी चाहिए तथा सबको दुआऐं देनी चाहिए साथ ही हमें सबके प्रति धन्यवाद का भाव रखना चाहिए। जिन्दगी को एकदम गंभीरता से न लें व हर पल को मस्ती के साथ जियें। बहनजी ने अंत में राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास करा कर सबको शांति की अनुभूति कराई। कार्यक्रम के दौरान ब्रह्माकुमार झालम भाई ने संस्था का विस्तृत परिचय दिया और बताया कि आज के समय में खुश रहना एक बडी कला है। जिसने खुश रहना सीख लिया समझो जीवन जीने की कला सीख लिया। हम अपनी खुशियों के लिए समय का इंतजार न करें और न ही हम अपनी खुशियों को किसी पर आधारित करें। खुशी हमारी अपनी चीज है जब चाहें तब खुश रहें। श्री ओमप्रकाश यादव उप महानिरीक्षक ढ्ढञ्जक्चक्क के निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला में सहायक सेनानी/तनाव परामर्शदाता विजय कुमार द्वारा जवानों को अपने कार्यक्षेत्र में तनाव मुक्त रहते हुए खुश रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरक व्याख्यान दिया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी टोमीन बहन जी भी उपस्थित थी ।



# माँ बम्लेश्वरी देवी सेवा पंडाल बागेश्वर धाम में उदघाटित



**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** संस्कारधानी में माँ बम्लेश्वरी दर्शन को जाने वाले पदयात्रियों की सेवा व दूरस्थ अंचल से आए भक्तों को रूकने सुविधा व अन्य सेवा कार्यो हेतु माँ बम्लेश्वरी देवी सेवा पंडाल का उद्घाटन श्री बागेश्वर मंदिर उत्सव भवन में माँ बम्लेश्वरी देवी व श्री बागेश्वर महादेव का पूजन करआरंभ किया गया । उक्त जानकारी देते हुए संयुक्त सेवा समिति के पंकज गुप्ता सौरभ खंडेलवाल, अध्यक्ष संदेश जैन, सूरज गुप्ता, मनीष यादव ने बताया कि माताकृपा से विगत 3 वर्षो से अनवरत रूप से पदयात्रियों की सेवाकार्य हेतु दोनो नवरात्र महापर्व में श्री बागेंश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट श्री बाल रत्न सेवा मंच, श्री दिया मंडल गायत्री परिवार व नगर की अन्य सेवा व सामाजिक संस्थाओं के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होता है । जिसमें पदयात्रियों के रूकने, स्नान, मोबाईल चाजिंग ज्ञानवर्धक पुस्तकें, चिकित्सा, प्रसादी, सेवा, सहित, अन्य सुविधाऐं उपलब्ध रहता है । आयोजक सेवा समिति द्वारा संस्कारधानी के सभी संस्थाओं, समाजों, सेवा संस्थाओं आम नागरिकों, से पदयात्री, सेवा पंडाल में पहुंचकर, तन-मन-धन से अपनी सेवा प्रदाय किये जाने का आग्रह किया है ।

## पहाड़ी पर स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर में चैत्र नवरात्रि का पर्व का शुभारंभ

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मां दंतेश्वरी मंदिर में नवरात्रि की धूम, ग्राम घुपसाल में पहाड़ी पर स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर में चैत्र नवरात्रि का पर्व का शुभारंभ हो गया है यहां 351 मनोकामना ज्योति का कलश स्थापित की गई है एवं मां शीतला मंदिर में 11 मनोकामना ज्योति कलश पाथेश्वर मंदिर में 21 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित की गई है इस पर्व पर यहां दर्शनार्थियों की भीड़ लगी हुई है प्रतिदिन यहां रात्रि में जस जगराता का कार्यक्रम विभिन्न मंडलियो द्वारा प्रस्तुत की जाती है व माता सेवा गया जाता है और प्रात: गायत्री हवन यज्ञ किया जाता है आगे केशव साहू ने बताया कि यहां अष्टमी के रोग सुनील कुमार सिहो रे भिलाई के सुप्रसिद्ध कलाकार द्वारा माता रानी का जगराता का कार्यक्रम रखा गया है मां दंतेश्वरी मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक आकर जगराता का लाभ लेने की अपील की गई है।



# ब्रह्म अधिष्ठाता मूल प्रकृति गुणों की है साम्यावस्था - पुरी शंकराचार्य

अरविन्द तिवारी की रिपोर्ट

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** हिन्दुओं के सार्वभौम धर्मगुरु एवं हिन्दू राष्ट्र प्रणेता पूज्यपाद पुरी शंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वतीजी महाराज महासर्ग के प्रारम्भ में सृष्टि संरचना की चर्चा करते हुये उद्धृत करते हैं कि महासर्ग के प्रारम्भ में दस सहस्त्र सूर्य सदृश तेजो मण्डलात्मक सुवर्ण और रजतमय विष्णु भावापन्न आदि संज्ञक अण्ड से वेदपाठ करते हुये सूर्य को आदित्य तथा ब्रह्म रूप वेद का पाठ करते हुये प्रकट होने के कारण ब्रह्मा कहा जाता है। ब्रह्म अधिष्ठाता मूल प्रकृति गुणों की साम्यावस्था है। उसे विचारशील मनीषी प्रकृति, प्रधान तथा अव्यक्त नाम से अभिहित करते हैं। प्रजा की सृष्टि, स्थिति तथा संहृति में वही हेतु है। गुणों में क्षोभ के अनन्तर रजोगुण के नियामक ब्रह्मा, सत्त्व गुण के नियामक विष्णु और तमोगुण के नियामक शिवरूप से एक ही सर्वेश्वर व्यक्त होते हैं। वेदमूर्ति सूर्य ब्रह्मा, विष्णु और शिव के अभिव्यञ्जक संस्थान रूप धाम हैं। इन चारों की अभेद बुद्धि से पूजा करने पर सचराचर पूजित होते हैं। सर्वेश्वर अन्तर्यामी की प्रेरणा से श्रीब्रह्मा को वेदों का, बृहस्पति को वेदाङ्गों का तथा शुक्राचार्य को नीतिशास्त्र का, देवर्षि नारद को गान्धर्ववेद का, श्रीभरद्वाज को धनुर्वेद का, महर्षि गार्ग्य को देवर्षियों के चरित्र का, श्रीकृष्णात्रेय को आयुर्वेद का ज्ञान प्राप्त हुआ। एकाग्र चित्त, जितेन्द्रिय, संयम परायण, त्रिकालज्ञ तथा सत्य धर्मपरायण श्रीब्रह्मा एवम् चित्र शिखण्डी - संज्ञक मरीचि, अत्रि, अङ्गिरा, पुलस्त्य, पुलह, ऋतु और महा तेजस्वी वसिष्ठ ने धर्म, अर्थ, काम एवम् मोक्ष तथा स्वर्ग और भूमण्डल में सन्निहित मर्यादा का प्रतिपादन शत सहस्त्र अध्यायों के द्वारा किया। उस नीति शास्त्र में तम: प्रधान काम का, रज: प्रधान अर्थ का, सत्त्व प्रधान धर्म का तथा आत्म प्रधान मोक्ष का एवम् स्थान ( धर्म स्थिति ), वृद्धि ( धर्म उत्कर्ष ), क्षय ( दुरित क्षय ) का तथा साम, दान, दण्ड, भेद का वर्णन सन्निहित था। उसमें त्रयी ( कर्म काण्ड, उपासना काण्ड ), आन्विक्षिकी ( ज्ञान काण्ड ), वार्ता ( कृषि, गोरक्ष्य, वाणिज्य ) और राजधर्म आदि का प्रतिपादन किया गया था। उस नीति शास्त्र में यह तथ्य प्रतिपादित किया गया कि आत्मा, देश, काल, उपाय, कृत्य तथा सहाय - नामक षड्वर्ग नीति द्वारा सञ्चालित होने पर उन्नति के कारण होते हैं। श्री ब्रह्माजी द्वारा विरचित दण्ड नीति नाम से प्रसिद्ध यह शास्त्र शिव जी द्वारा दस हजार अध्यायों में संक्षिप्त किये जाने पर वैशालाक्ष नाम से प्रसिद्ध हुआ। इन्द्र द्वारा पाँच हजार अध्यायों में संक्षिप्त किये जाने पर इसका नाम बाहुदन्तक हुआ। जब देवगुरु बृहस्पति ने तीन हजार अध्यायों में इसे संक्षिप्त किया, तब इसका नाम बार्हस्पत्य रखा गया। कालान्तर में शुक्राचार्य ने एक हजार अध्यायों में इसका संक्षेप किया। इस प्रकार मनुष्यों की आयु और मेधा का ह्रास होता जानकर जगत् के हित के लिये महर्षियों ने इस शास्त्र का संक्षेप किया। त्रेतायुग में आयु, रूप, बल, बुद्धि, नीरोगता और धर्म परायणता से सम्पन्न सर्व साधारण मनुष्य भी थे। वर्णाश्रम धर्म के प्रति सब आस्थान्वित थे।




## धर्म समाचार....

# जूनागढ़ का पितांबरा देवी मंदिर : गुजरात में सोनार नदी के किनारे प्रकट हुई थी मां बगलामुखी, दस महाविद्याओं में आठवीं शक्ति हैं

गुजरात के जूनागढ़ में ऐसी जगह है जहां देवी बगलामुखी प्रकट हुई थीं। जो कि दस महाविद्याओं में आठवीं शक्ति मानी जाती हैं। सौराष्ट्र में भट्ट बावड़ी नाम के गांव में इस मंदिर में लोग सालों से देवी बगलामुखी की पूजा कर रहे हैं, लेकिन उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि ये देवी का प्राकट्य स्थान है। ये कहना है गुरु गोरखनाथ के भक्त रघुनाथ येमूल का। जो कई सालों से गिरनार पर्वत पर साधना कर रहे हैं। ग्रंथों में ये बताया गया है कि देवी बगलामुखी यानी मां पितांबरा हरिद्रा नदी के किनारे प्रकट हुई थीं। जिस जगह पर मंदिर खोजा गया उससे कुछ दूरी पर ही सोनार नदी है। जो हरिद्रा का ही अपभ्रंश है। यहां देवी बगलामुखी की मूर्ति स्थापित हुई है। दतिया पीतांबरा पीठ के साधक भी इस जगह को देवी का प्राकट्य स्थान मानते हैं।

**हरिद्रा ही आज की सोनार नदी-** पितांबरा यानी पीले रंग वाली देवी और हरिद्रा यानी हल्दी। सोनार यानी ऐसी नदी जिसके पानी में पीलापन हो। यानी सौराष्ट्र में हरिद्रा नदी थी जिसका पानी पीले रंग का था। उसे ही लोकल भाषा में सोनार यानी सोने के रंग वाली नदी कहा जाने लगा।



**कन्या के रूप में विराजमान है देवी, महिला करती हैं पूजा-** इस जगह देवी कन्या रूप में विराजमान है। अब तक इस मंदिर में भट्ट परिवार की गायत्री देवी लंबे समय से पूजा अर्चना कर रही हैं। बगलामुखी साधक गुरु रघुनाथ येमूल और महेंद्र भाई रावल का मानना है कि यहां देवी के दर्शन और पूजा करने से सुख,शांति और समृद्धि मिलती है। परेशानियां भी दूर होती हैं।

**कैसे प्रकट हुईं देवी बगलामुखी-** सतयुग में दुनिया को खत्म कर देने वाला भयंकर तूफान आया। जिससे इंसानों पर संकट आ गया। तो भगवान विष्णु की चिंता बढ़ गई। तब भगवान ने सौराष्ट्र में हरिद्रा नदी के किनारे जाकर देवी का ध्यान किया। मंगलवार और चतुर्दशी तिथि के संयोग में भगवान विष्णु के तेज से उस नदी में से देवी ने बगलामुखी प्रकट हुईं। भगवान विष्णु का रंग पीला है, इसलिए देवी बगलामुखी का भी ये ही रंग था। ये ही वजह है कि उन्हें पीतांबरा कहा जाता है। देवी ने प्रकट होकर उस तूफान को रोक दिया। तभी से संकट मुक्ति के लिए देवी बगलामुखी की पूजा की जाने लगी।

देश में बगलामुखी देवी के चार खास मंदिर है। जो कि गुजरात, हिमाचल और मध्य प्रदेश में हैं। जानते हैं इन मंदिरों में देवी मूर्ति की स्थापना से जुड़ी मान्यताएं...
1. सौराष्ट्र के जूनागढ़ के भट्ट बावड़ी गांव में देवी का प्राकट्य स्थान माना जाता है।
2. हिमाचल के कांगड़ा में श्रीराम ने देवी बगलामुखी की पूजा कर मूर्ति स्थापना की थी। 3. महाभारत काल के दौरान श्रीकृष्ण ने मध्य प्रदेश के नलखेड़ा में देवी बगलामुखी की पूजा की थी। 4. मध्य प्रदेश के ही दतिया में स्वामी महाराज ने 1935 में बगलामुखी मंदिर की स्थापना की। 1962 में पीएम नेहरू ने यहां पूजा करवाई जिससे भारत-चीन युद्ध रूक गया था।

## जल्द शुक्र देव बदलेंगे अपनी चाल, इन 3 राशियों को होगा सर्वाधिक लाभ




वर्तमान समय में शुक्र देव मीन राशि में विराजमान हैं और 24 अप्रैल को देर रात 11 बजकर 58 मिनट पर मेष राशि में प्रवेश करेंगे। इस दौरान 05 मई को भरणी और 16 मई को कृतिका नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। इसके पश्चात 19 मई को मेष राशि से निकलकर वृषभ राशि में गोचर करेंगे। ज्योतिषीय गणना के अनुसार 24 अप्रैल से वैशाख का महीना शुरू होगा। इस दिन दैत्यों के गुरु शुक्र देव अपनी चाल बदलेंगे। वर्तमान समय में शुक्र देव मीन राशि में विराजमान हैं और 24 अप्रैल को मेष राशि में प्रवेश करेंगे। इससे राशि चक्र की सभी राशियों पर भाव अनुसार प्रभाव पड़ेगा। इनमें कई राशि के जातकों को सर्वाधिक लाभ प्राप्त होगा। कई राशि के जातकों को सच्चा प्यार मिल सकता है। ज्योतिषियों की मानें तो कुंडली में शुक्र के बली यानी मजबूत होने पर जातक को सभी प्रकार के सांसारिक सुखों की प्राप्ति होती है। आइए, भाग्यशाली राशियों के बारे में जानते हैं-**शुक्र राशि परिवर्तन**- ज्योतिषियों की मानें तो शुक्र देव 24 अप्रैल को देर रात 11 बजकर 58 मिनट पर मीन राशि से निकलकर मेष राशि में प्रवेश करेंगे। इस राशि में शुक्र देव 19 मई तक रहेंगे। इस दिन सुबह 08 बजकर 43 मिनट शुक्र देव मेष राशि से निकलकर वृषभ राशि में गोचर करेंगे। **मिथुन राशि**- मेष राशि में गोचर के दौरान शुक्र देव मिथुन राशि के आय भाव में विराजमान रहेंगे। इस भाव में शुक्र देव के रहने से मिथुन राशि के जातकों के आय में वृद्धि होगी। साथ ही अचानक धन लाभ के भी योग हैं। रुका हुआ धन भी प्राप्त हो सकता है। **कर्क राशि**- शुक्र देव राशि परिवर्तन के दौरान करियर भाव में विराजमान होंगे। इस भाव में शुक्र देव के रहने से कर्क राशि के जातकों के पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। समाज में मान-सम्मान मिलेगा। सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। जॉब की तलाश में लगे लोगों की इच्छा पूरी होगी। कारोबार में भी तेजी देखने को मिलेगा। **मीन राशि**- मीन राशि में शुक्र देव उच्च के होते हैं। अत: शुक्र देव इस राशि के जातकों को हमेशा शुभ फल देते हैं। वर्तमान समय में राहु मीन राशि में विराजमान हैं। शुक्र देव राशि परिवर्तन के दौरान मीन राशि के धन भाव में विराजमान होंगे। इससे मीन राशि की आमदनी बढ़ेगी। कारोबार में अकल्पनीय मुनाफा होगा। आय के नए स्रोत बनेंगे। निवेश करने की सोच रहे हैं, तो समय सही रहेगा।

# जिले वासियों को ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद...


































प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, प्रबंध सम्पादक- श्रीमती कल्पना पाण्डे । मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com